Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 19-05-2006

Participants : Rawat Prof. Rasa Singh

Title : Need to constitute Sixth Pay Commission.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : मान्यवर सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से देश की एक बहुत बड़ी ज्वलन्त समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकर्ति करना चाहता हूं। सम्भवतः सब को स्मरण होगा कि एक मार्च, 2006 को देश के 44 लाख केन्द्रीय कर्मचारियों की हड़ताल होने वाली थी। उसके पहले ही खतरे को भांपकर 2 फरवरी, 2006 को माननीय प्रधानमंत्री जी ने घोाणा की कि हम सिद्धान्ततः सहमत हैं कि छठा वेतन आयोग लागू किया जाये। इस बात को तीन महीने हो गये। केन्द्रीय सरकार के 44 लाख कर्मचारी और साथ में राज्य सरकारों के दो करोड़ कर्मचारी, सब इस बात की ओर निगाह किये हुए हैं कि कब हमारी मांग स्वीकृत होगी।

इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि केन्द्रीय सरकार द्वारा विभिन्न श्रमिक संगठनों तथा केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी संगठनों को आश्वस्त करने के बावजूद भी अभी तक छठा वेतन आयोग गठित नहीं किया गया है, जिससे देश के लाखों कर्मचारियों में आक्रोश एवं उद्वेलन व्याप्त है। वर्तमान में छठे वेतन आयोग के गठन के अनुरूप सभी अहर्ताएं एवं परिस्थितियां िवद्यमान हैं। निर्धारित 10 र्वा की अवधि भी पूरी हो चुकी है। महंगाई आसमान छूने को है।

अतः पूर्व निर्धारित प्रक्रिया, आश्वासन तथा विनिश्चय के अनुसार केन्द्रीय सरकार अविलम्ब छठे वेतन आयोग का गठन सुनिश्चित करे।

आपने समय दिया, उसके लिए आपका आभारी हूं, बहुत धन्यवाद।

श्री गिरधारी लाल भार्गव : मैं भी केन्द्रीय कर्मचारी हूं, इसलिए मुझे भी इस विाय के साथ संबद्ध किया जाये।

सभापति महोदय : आप सब केन्द्र में ही हैं।